वर्ष- 02 अंक- 06
छपरा
मंगलवार
2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## सांस्कृतिक मंच का पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नारायणपुर यादव टोला पैक्स गोदाम के समीप 24 घंटे के सर्वजनिक अखंड अष्टयाम के समापन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के पूर्व सांस्कृतिक मंच का तरैया के पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद राय ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक श्री राय ने कहा कि आजकल लोग धर्म का चोला पहनकर एक-दूसरे को लड़ाने और भड़काने का काम कर रहे हैं। ऐसे बहरूपियों से बचने की जरूरत है। सच्चे और निष्ठा भाव से श्रद्धापूर्वक ईश्वर से प्रेम करनी है, अगर सच्चे मन से भगवान को याद करेंगे और कोई मन्नत मांगेंते है तो वह अवश्य पूर्ण होती है। हमें आज के राजनीतिक परिवेश में पड़ कर बटने की जरूरत नहीं है। सभी धर्म एक है सभी धर्म की रक्षा होनी चाहिए और एक दूसरे के साथ मिल्लत से रहनी चाहिए, कोई भी धर्म हमें आपस में लड़ने को नहीं कहता, बल्कि धर्म न्याय संगत एक-दूसरे से मिलत रखने की बात करता है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर राय, मुखिया अजय राय, मुखिया वकील राय, शशि रंजन यादव, अखिलेश कुमार यादव, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओ की सेवा में तैनात रहेंगे 300 स्काउट और गाइड

### समाज एवम राष्ट्र की सेवा करना स्काउट और गाइड का मुख्य उद्देश्य- जिला शिक्षा पदाधिकारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान और सोनपुर मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा और भीड़ नियंत्रित करने हेतु 300 स्काउट और गाइड कैडेट्स को लगाया जाएगा।यह स्काउट और गाइड सोनपुर नरायणी नदी के कालीघाट में स्नान करने आने वाले एवम बाबा हरिहरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओ की भीड़ नियंत्रण एवं अन्य विधि व्यवस्था देखने में सहयोग करेगे।सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में सोनपुर मेला सेवा शिविर हेतु विभिन्न विद्यालयों एवम ओपन यूनिट के स्काउट और गाइड का चयन किया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण विद्यानंद ठाकुर ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा में गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में 300 स्काउट और गाइड लगाए जा रहे है। जो जिले के विभिन्न विद्यालयों/यूनिटो के है।और शिविर प्रधान के रूप में अंबुज कुमार झा (शिक्षक ईश्वरीय उच्च विद्यालय बसंत) एवम गाइड में रीतिका सिंह (जिला संगठन आयुक्त,गाइड) को नियुक्त किया गया है। शिविर सहायक के रुप में रमेश कुमार (शिक्षक मध्य विद्यालय तकिया), सोनपुर स्काउट मास्टर मनीष कुमार गुप्ता, जयप्रकाश कुमार सिंह,प्रणव सिंह को नियुक्त किया गया है। जिनके नेतृत्व के स्काउट और गाइड सोनपुर मेला सेवा शिविर के भाग लेगे।जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया की सोनपुर मेला सेवा शिविर में स्काउट और गाइड के स्वयंसेवक प्रत्येक वर्ष अपनी सेवा देके सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हैं। मौके पे जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज, स्काउट मास्टर आशुतोष कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य स्काउट और गाइड मौजूद रहे।

## सिवान शहर में तीन दिनों तक बाधित रहेगी बिजली

**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर में नए 11 केवी फीडर निर्माण के कारण तीन दिनों तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। 13 से 15 नवंबर तक सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक 11 केवी टाउन- एक और 11 केवी हास्पिटल फीडर बंद रहेंगे। इस कारण महादेवा, पुलिस लाइन, खुर्माबाद, चकिया, फतेहपुर बाईपास, तरवारा मोड़ से बाईपास तक के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। शहरी सहायक विद्युत अभियंता शिव शंकर सिंह ने लोगों से बिजली कटौती से पूर्व अपने सभी आवश्यक कार्य समय पर निपटा लेने की अपील की है।

## बड़हरिया - दोहरे हत्याकांड का पर्दाफाश करने में जुटी पुलिस

**परवेज अख्तर/सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के बाबू हाता गांव समीप 27 दिसंबर 2023 की देर रात बदमाशों ने गोपालगंज के मांझागढ़ थाना के सिपहा खास गांव निवासी शैलेश कुमार शर्मा उर्फ अनीश और इसी गांव की निकहत परवीन की गोली मारकर हत्या कर और दोनों के शव को सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस को करीब 11 माह बाद भी दोहरे हत्याकांड मामले में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। इस मामले में एसपी अमितेश कुमार ने कांड का खुलासा करने के लिए पूरी टीम लगा दी है।उन्होंने बताया कि प्रमुख समाचार पत्र दैनिक जागरण में प्रसारित संवाद बड़हरिया थाना के संबंध में थाना कांड संख्या 503/23 दिनांक 29 दिसंबर 23 धारा 302/34 भादवी एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज है। जो अनुसंधान अंतर्गत है। कांड उद्वेदन हेतु टावर लोकेशन, सीडीआर एवं डंप डाटा लिया गया है, तथा गुप्तचर को तैनात किया गया है। वहीं एसआइटी टीम का गठन कर तीव्र गति से अनुसंधान किया जा रहा है ताकि कांड का उद्वेदन किया जा सके।

# लालू के पहुंचने से पहले किन्नरों ने फाड़े कपड़े

### पुराने अंदाज में बोले RJD सुप्रीमो- लागल लागल झुलनिया में धक्का बलम कलकत्ता घुमा द





**गया,एजेन्सी।** गया के बेलागंज में आयोजित आरजेडी की चुनावी सभा में लालू प्रसाद यादव के पहुंचने से पहले किन्नरों से बदसलूकी की गई। इसके बाद किन्नर भड़क गए और जनसभा से बाहर निकल गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।

वहीं, बेलागंज में जनसभा को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव अपने पुराने अंदाज में दिखें। मंच से उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा को मूली की तरह उखाड़ कर फेंक देना है।

लालू ने जनता को एकजुट रहने का आह्वान किया। साथ ही पुरानी लोकगीत शैली में कहा, लागल लागल झुलनिया में धक्का बलम कलकत्ता घुमा द। इस गीत से लालू ने बीजेपी और पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन ताकतों को अब कोलकाता भेजना है।

**भाषण के दौरान लालू को खांसी भी आई, पर रुके नहीं:** लालू का यह अंदाज देखने लायक था। गीत के बाद वह खुद हंस पड़े और दर्शकों ने भी ठहाके लगाए। भाषण के दौरान उन्हें खांसी भी गई, लेकिन वो भाषण रोके नहीं।

करीब 4 मिनट के भाषण में उन्होंने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए जनता को राजद प्रत्याशी को जिताने की अपील की। लालू यादव ने कहा कि, जब हम सक्रिय और स्वस्थ्य थे, तब भाजपा को बिहार में टिकने नहीं दिया। अब आपको भी वही करना है।

**लालू की सभा के लिए किन्नरों को आमंत्रित किया गया था :** लालू यादव की सभा के लिए राजद की ओर से जिले के कुछ किन्नरों को विशेष तौर पर डांस के लिए आमंत्रित किया गया था। यहां पहुंचे किन्नरों के लिए मंच भी तैयार किया गया था। किन्नर एकजुट होकर मंच के ठीक नीचे दर्शक दीर्घा में खड़े थे। इसी दौरान लालू प्रसाद के मंच पर पहुंचने से पहले वहां मौजूद कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। जिससे वो भड़क गए। गुस्साए किन्नरों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

**विरोध में किन्नर ने मंच के सामने फाड़ दिया अपना कपड़ा :** हंगामे के बीच स्थिति तब और ज्यादा बिगड़ गई, जब एक किन्नर ने गुस्से में मंच के सामने खड़े होकर अपना कपड़ा फाड़ कर विरोध जताया।

किन्नरों का गुस्सा बढ़ता देखकर सुरक्षा कर्मियों और राजद के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन किन्नर समझने को तैयार नहीं हुए और उनसे बहस करने लगे।

## चुनाव आयोग ने लिया असम में उपचुनाव से पहले हुई हिंसा का संज्ञान

### दो पुलिस अफसरों का तबादला



**गुवाहाटी,एजेन्सी।** असम में नगांव जिले में आने वाली सामागुरी विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले हिंसा की घटनाओं के बाद चुनाव आयोग ने प्रशासन पर कार्रवाई की। ईसी ने यहां दो पुलिस अधिकारियों के तबादले के आदेश दिए हैं। बताया गया है कि नगांव के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) पार्थ प्रतिम सैकिया और कालीबड़ संभाग के पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) रूपज्योति दत्ता को जिले से बाहर ट्रांसफर किया है। चुनाव आयोग ने जयंत बरुआ को जिले का नया एसपी (क्राइम) और श्यामंत सरमा को एसडीपीओ पद पर नियुक्त किया है। कांग्रेस सांसद की ओर से चुनाव प्रचार पर रोक लगाने की मांग की इस बीच भाजपा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर धुबरी से कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन को सामागुरी सीट पर प्रचार से रोकने की अपील की है। इस मामले में हुसैन के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दी गई है। रकीबुल हुसैन पिछले 23 साल से सामागुरी विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस साल लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद उन्होंने इस सीट को खाली कर दिया था। अब उनका बेटा तंजील कांग्रेस के टिकट पर इस सीट से उपचुनाव लड़ रहा है। भाजपा ने इस सीट पर दिपलू रंजन शर्मा को मौका दिया है, जो कि पार्टी के महासचिव रह चुके हैं और भाजपा की युवा इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। चुनाव आयोग को लिखी गई चिट्ठी में भाजपा ने कहा है कि हुसैन की इलाके में मौजूदगी ने हिंसा को भड़काया। पार्टी ने हुसैन को इस विधानसभा क्षेत्र में प्रचार से प्रतिबंधित करने की मांग की। असम के मंत्री बिमल बोरा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी भेजने के बाद कहा कि अगर सांसद हुसैन को क्षेत्र में घूमने दिया गया तो चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं हो पाएंगे।

## धर्म नहीं पार्टी खतरे में , छोटे भाई के लिए चुनाव प्रचार करते हुए रितेश देशमुख ने सरकार को घेरा



**मुंबई,एजेनसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख ने अपने भाई और कांग्रेस नेता धीरज देशमुख के लिए चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस के लिए प्रचार करते हुए उन्होंने कहा कि लोग दावा करते हैं कि उनका धर्म खतरे में हैं, लेकिन वास्तव में उनकी पार्टी खतरे में है। रितेश लातूर में अपने भाई के लिए प्रचार कर रहे हैं। इस क्षेत्र में धीरज का सामना भाजपा के रमेश कराड से होने वाला है। रविवार की रात एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो ईमानदारी से काम नहीं करते हैं, उन्हें धर्म की जरूरत पड़ती है। बॉलीवुड स्टार ने बेरोजगारी के मुद्दे पर महाराष्ट्र सरकार को भी घेरा।

**रितेश देशमुख ने किया अपने छोटे भाई के लिए प्रचार** :रविवार को अपने छोटे भाई धीरज देशमुख के लिए प्रचार करते हुए रितेश देशमुख ने एक रैली को संबोधित किया। इस रैली में उन्होंने कहा, फ़भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि कर्म ही धर्म है। जो ईमानदारी से अपना काम करता है, वह धर्म कर रहा है। धर्म की जरुरत उन्हें होती है जो काम नहीं करते हैं। उन्होंने आगे कहा,जो यह दावा करते हैं कि उनका धर्म खतरे में हैं, यह उनकी पार्टी है जो खतरे में है। वे अपनी पार्टी और खुद को बचाने के लिए अपने धर्म से प्रर्थना करते हैं।

मणिपुर में सीआरपीएफ का बड़ा एक्शन,

# जिरीबाम में मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादियों को किया ढेर

### चौकी पर हमला करने पहुंचे थे; दो जवान भी घायल, 5 स्थानीय लोग लापता



**इंफाल,एजेन्सी।** मणिपुर में सीआरपीएफ की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। जानकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ ने जिरीबाम में मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादियों को मार गिराया है। वहीं इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक जवान के भी घायल होने की सूचना है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल तक एयरलिफ्ट किया गया है। सीआरपीएफ के सूत्रों के अनुसार, उग्रवादियों ने सीआरपीएफ की टीम पर हमला किया था, जिसके बाद ये मुठभेड़ हुई है।

### राज्य में शांति और सामान्य स्थिति चाहते हैं- डीजीपी

इस मुठभेड़ से पहले मणिपुर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह ने कहा कि वे राज्य में शांति और सामान्य स्थिति चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत चुनौतीपूर्ण समय है और वे इसे सर्वोत्तम संभव ताकत के साथ निपटने की कोशिश कर रहे हैं।

**मणिपुर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई लगातार जारी** :वहीं इससे पहले मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में पिछले तीन दिनों के भीतर तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कई हथियार, गोला-बारूद और आईईडी जब्त किए हैं। असम राइफल्स ने सोमवार को एक बयान में कहा गया है कि शनिवार को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने चुराचांदपुर जिले के एल खोनोमफाई गांव से सटे जंगल में एक अभियान के दौरान एक .303 राइफल, दो नौ एमएम पिस्तौल, छह 12 सिंगल बैरल राइफल, एक .22 राइफल, गोला-बारूद और अन्य युद्ध संबंधी सामान जब्त किया।

**असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस का साझा अभियान** :कांगपोकपी जिले के एस चौंगौबंग और माओहिंग के बीच संयुक्त टीम की तरफ से एक अन्य अभियान में एक 5.56 मिमी इंसास राइफल, एक प्वाइंट 303 राइफल, दो एसबीबीएल बंदूकें, दो 0.22 पिस्तौल, दो इंप्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर, ग्रेनेड, गोला-बारूद भी जब्त किया गया। असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक संयुक्त टीम ने रविवार को काकचिंग जिले के उटांगपोकपी के सामान्य क्षेत्र में हथियार और गोला-बारूद बरामद करने के लिए एक खुफिया-आधारित अभियान शुरू किया, जिसके दौरान एक 0.22 राइफल, गोला-बारूद और अन्य युद्ध संबंधी सामान जब्त किया गया।

## श्रीनगर में आतंकी मुठभेड़ में फंसे दो ट्रैकर्स

### 100 नंबर पर सूचना दी, सेना ने फायरिंग रोककर बचाया; आतंकवादी भागे



**श्रीनगर,एजेन्सी।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ के बीच 2 ट्रैकर्स फंस गए। फायरिंग के बीच ट्रैकर्स ने 100 नंबर डायल करके पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद सेना ने गोलीबारी रोककर उन्हें बचाया।

घटना, गुरुवार (10 नवंबर) की है। सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना जबरवान के जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चला दीं। इसके बाद कई घंटों तक दोनों ओर से गोलीबारी हुई। हालांकि आतंकी भागने में कामयाब रहे थे। मुठभेड़ के समय ट्रैकर्स जंगल में थे। सेना ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गाइडलाइन जारी कर कहा है कि जंगलों और पहाड़ों पर ट्रैकिंग के लिए जाने से पहले स्थानीय पुलिस को सूचना दें।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एनकाउंटर कल से जारी, 1 जवान शहीद किश्तवाड़ में केशवान के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गुरुवार से ही मुठभेड़ जारी है। बीते दिन सेकेंड पैरा एसएफ के 4 जवान घायल हुए थे। बाद में जूनियर कमीशन ऑफिसर (JCO) राकेश कुमार शहीद हो गए जबकि 3 जवानों का इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के हैं। इन्होंने ही 7 नवंबर को 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी।

## भाजपा ने चुनाव आयोग से की राहुल गांधी की शिकायत



### कहा- महाराष्ट्र चुनाव में झूठ बोल रहे कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान संविधान को लेकर लगाए गए आरोपों पर भाजपा ने राहुल गांधी की चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि हमने चुनाव आयोग को बताया है कि राहुल गांधी महाराष्ट्र चुनाव में झूठ बोल रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। छह नवंबर को भी उन्होंने झूठ बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने राज्यों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास किया। उन्होंने संविधान की धज्जियां उड़ाईं और झूठ बोला कि भाजपा संविधान को नष्ट करने वाली है। यह झूठ है। हमने आयोग से कहा है कि इसे रोका जाना चाहिए। हमने आयोग को यह भी बताया कि राहुल गांधी ऐसा करने के आदी हैं और चेतावनी और नोटिस के बाद भी वे ऐसा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। मेघवाल ने कहा कि हमने राहुल गांधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 353 के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

**राहुल गांधी ने यह कहा था** :लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छह नवंबर को नागपुर में कहा था कि जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा के लोग संविधान पर हमला करते हैं, तो वे सिर्फ इस किताब पर हमला नहीं कर रहे होते, वे भारत की आवाज पर हमला कर रहे होते हैं। हमारे संस्थान संविधान से बने हैं। अगर संविधान नहीं होगा, तो कोई चुनाव आयोग नहीं होगा। आरएसएस इस पर सीधे हमला नहीं कर सकता। अगर वे इसके खिलाफ आगे आकर लड़ेंगे, तो वे 5 मिनट में हार जाएंगे।

शिवराज सिंह चौहान को सुप्रीम कोर्ट से राहत

# मानहानि केस में जमानती वारंट जारी करने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा की तरफ से दायर मानहानि मामले में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दो अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ जमानती वारंट जारी करने पर रोक लगा दी।

**पीठ ने कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा से जवाब मांगा** :न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार करने वाले मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 25 अक्टूबर के आदेश को चुनौती देने वाली शिवराज सिंह चौहान और अन्य की याचिका पर कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा से जवाब मांगा। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ताओं के खिलाफ जमानती वारंट का निष्पादन मामले में अदालत के समक्ष कार्यवाही में उनकी प्रभावी भागीदारी के अधीन नहीं किया जाएगा।

शिवराज सिंह चौहान और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा की तरफ



से शिकायत में उल्लिखित कथित बयान सदन के पटल पर दिए गए थे और संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के अंतर्गत आते हैं। अनुच्छेद 194 (2) में कहा गया है, किसी राज्य विधानमंडल का कोई भी सदस्य विधानमंडल या उसकी किसी समिति में कही गई किसी बात या दिए गए किसी मत के संबंध में किसी भी न्यायालय में किसी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, और कोई भी व्यक्ति ऐसे विधानमंडल के किसी सदन की तरफ से या उसके प्राधिकार के तहत किसी रिपोर्ट, पत्र, मत या कार्यवाही के प्रकाशन के संबंध में ऐसा उत्तरदायी नहीं होगा।

**उच्च न्यायालय ने मानहानि मामले को खारिज करने से किया था इनकार** :अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि ऐसा सुनने में नहीं आया है कि किसी समन मामले में न्यायालय की तरफ से जमानती वारंट जारी किया गया हो, जबकि पक्षकार अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं। 25 अक्तूबर को उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ विवेक तन्खा की तरफ से दर्ज मानहानि के मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया था।

# छठ यात्रियों की भीड़ क्लियरेंस के लिए 19 स्पेशल ट्रेनें छपरा होकर विभिन्न महानगरों के लिए आज फिर चलाई जाएंगी

**दैनिक खोज खबर/छपरा/वाराणसी।** छठ यात्रियों की वापसी यात्रा में भीड़ क्लियरेंस के लिए 11 नवम्बर, 2024 को छपरा स्टेशन से लखनऊ के लिए वन्देभारत समेत नई दिल्ली,कटिहार,पाटलिपुत्र,उधना एवं ,गोंदिया के लिए ओरिजनेटिंग 07 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं ,चार स्पेशल ट्रेने रिसीव की गईं तथा 19 स्पेशल ट्रेने छपरा होकर विभिन्न महानगरों के लिए चलाई गईं । इसी क्रम में कल 12 नवम्बर,2024 को छपरा स्टेशन से चार स्पेशल ट्रेनें कटिहार,अमृतसर,उधना एवं पाटलिपुत्र के लिए ओरिजनेट कर चलाई जाएँगी, पांच स्पेशल ट्रेनें कटिहार, मुम्बई सेन्ट्रल, पनवेल, पाटलिपुत्र एवं नई दिल्ली से आकर टर्मिनेट होंगी तथा 19 स्पेशल ट्रेनें छपरा होकर विभिन्न महानगरों के लिए चलाई जाएँगी ।

छठ महापर्व के सम्पन्न होने के पश्चात वापसी यात्रा में रेल यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए रेल कर्मयोगी/रेल सेवक पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं । वापसी यात्रा में होने वाली भीड़ को देखते हुए छपरा स्टेशन पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सतर्कता बरतते हुए पूरी सुरक्षा के साथ छठ यात्रियों एवं वरिष्ठ रेल यात्रियों को सुरक्षित आवाजाही में अपनी सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं।इसी क्रम में 22 नवम्बर तक छपरा जं स्टेशन होकर विभिन्न महानगरो के लिए 28 स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रहीं हैं। वापसी यात्रा में रेलयात्रियों की भीड़ को कतारबद्ध कर ट्रेनों में चढ़ाया जा रहा है। टिकट काउंटर पर रस्सियों से बैरिकेट बनाकर पंक्तियों में टिकट दिलाया जा रहा है। प्लेटफॉर्म पर भीड़ का ओवरफ्लो रोकने के लिए अस्थाई बैरिकेट एवं रस्सियों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके साथ-साथ ध्वनि विस्तारक यन्त्रो की सहायता से यात्रियों को प्रबंधन निर्देश दिये जा रहे है और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।छठ पूजा के बाद अपने-अपने काम पर लौट रहे छठ यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए रेल कर्मयोगी/रेल सेवक पूरी मुस्तैदी के साथ लगातार सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।छपरा स्टेशन परिसर में छठ यात्रियों के लिए बनाए गए होल्डिंग एरिया में स्पेशल गाड़ियों के समय से पूर्व आये यात्रियों को रखा जा रहा है , स्टेशन अधीक्षक के कक्ष में छठ पूजा के लिए बने नियंत्रण कक्ष से स्टेशन ,गाड़ियों एवं प्लेटफार्मो पर होने वाली गतिविधियों पर सी सी टी वी मॉनिटरिंग रूम से नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार भीड़ प्रबंधन हेतु निर्देश दिए जा रहे है।छपरा स्टेशन में एकल प्रवेश एवं एकल निकास मार्ग निर्धारित किया गया है। भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त आरक्षित/अनारक्षित टिकट काउंटर खोले गए हैं। स्टेशन पर 8 घण्टे



की तीन शिफ़्ट में साफ -सफाई,वाटर बूथों पर पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। छपरा स्टेशन से गुजरने वाली छठ स्पेशल गाड़ियों एवं छठ पर्व के पश्चात छपरा से आवागमन करने वाले यात्रियों का रिकार्ड मेनटेन किया जा रहा है ।

छठ पूजा के अवसर पर वाराणसी मंडल द्वारा छठ यात्रियों की सुविधा हेतु पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं इसके साथ ही छठ यात्रियों की भीड़ के प्रबंधन हेतु मंडल के छपरा एवं सीवान स्टेशनों पर छठ यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है, जहाँ यात्रियों को उनकी स्पेशल गाड़ियों की प्रतीक्षा करने की सुविधा दी गयी है जो उनको अनावश्यक भीड़ झ्भाड़ में होने वाली भगदड़ जैसी परेशानियों से बचाकर उनकी यात्रा को सुगम ,सुखद और सुविधाजनक बनाने में मददगार साबित हुआ है।वाराणसी द्वारा छठ महापर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए भीड़ प्रबंधन सहित अन्य कई कदम उठाए गए हैं । यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं । अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ प्रमुख स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है । महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं मदद हेतु ट्रेनों एवं प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ की अतिरिक्त महिला कांस्टेबलों की टीम तैनात की गयी है। वाराणसी मंडल में रेलवे सुरक्षा बल,राजकीय रेल पुलिस, स्काउट एंड गाइड के सदस्यों को भीड़ नियंत्रण के लिए लगाया गया है ।यात्रा टिकट प्राप्त करने में दिक्कत ना हो इसके लिए छपरा समेत प्रमुख मेला स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर एवं एटीवीएम के लिए अतिरिक्त फैसिलिटेटर का प्रावधान किया गया है । जहरखुरानी की घटनाएं ना हो, इसक लिए ट्रेनों की निगरानी की जा रही है और ऐसे मामलों पर नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है ।पैदल उपरी पुल/प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया पर विशेष ध्यान के साथ स्टेशनों पर और ट्रेनों में पर्याप्त संख्या में आरपीएफ एवं जीआरपी की तैनाती की गयी है । लंबी दूरी की ट्रेनों की सामान्य बोगियों में यात्रियों के चढ़ते समय धक्का-मुक्का न हो, इसके लिए आरपीएफ एवं जीआरपी द्वारा ज्यादा भीड़-भाड़ वाली ट्रेनों के सामान्य बोगियों में यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से चढ़ाने की व्यवस्था की गयी है । इसके मद्देनजर ऐसे सभी स्थलों पर सुरक्षा एवं निगरानी हेतु सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है । स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवान किसी भी स्थान पर भीड़ एकत्रित होने से रोक रहे हैं तथा यात्रियों को उनकी गाड़ी आने के समय पंक्तिबद्ध कर ट्रेन में चढाने और उतार कर सुरक्षित बाहर निकालने में मदद दे रहे हैं साथ ही आसक्त एवं दिव्यांग यात्रियों को भी आवश्यकतानुसार मदद कर रहे हैं ।यथा संभव वापसी यात्रा हेतु छठ विशेष गाड़ियों का आगमन प्लेटफार्म सं-01 पर निर्धारित किया जा रहा है ,यथा संभव पहले से निर्धारित गाड़ियों के प्लेटफार्म का परिवर्तन नहीं किया जा रहा है । छठ पर्व सम्बंधित सभी स्टेशनों के पैदल उपरिगामी पुल ,आगमन एवं प्रस्थान द्वार ,बुकिंग विंडो पर लाइन लगवाने तथा प्लेटफार्मों पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के जवान तैनात किये गये हैं।

## ग्राम पंचायत राज भाथा से निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष ने किया नामांकन दाखिल



**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)** सोमवार को भाथा पंचायत के निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने दलबल के साथ अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया ।इस मौके पर उन्होंने बताया कि पूर्व में किए गए कार्यो से उत्साहित होकर जनता पुनः मुझे जीत दिलाएगी ।उनके साथ उनके पुत्र राकेश सिंह ,पूर्व मुखिया ,रामचन्द्र मांझी ,सोना लाल ,मुन्ना सिंह ,जितेंद्र सिंह सुनीता देवी ,प्रिया सिंह उषा देवी ,शम्भू मांझी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अध्यापन व कला के क्षेत्र उर्मिला की थी विशिष्ट पहचान

- **शिक्षा व कला जगत में हमेशा गर्व से लिया जायेगा नाम**
- **वरिष्ठ पत्रकार स्व. अवधेश श्रीवास्तव की पत्नी का हुआ निधन**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण प्रमंडल के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अवधेश श्रीवास्तव की धर्मपत्नी उर्मिला श्रीवास्तव के असामयिक निधन से शिक्षा व कला जगत में शोक की लहर है. उर्मिला श्रीवास्तव शहर के आदर्श कन्या मध्य विद्यालय से प्रधानाध्यापक के पद से वर्ष



2021 में सेवानिवृत हुई थीं. साथ ही कला संस्कृति के क्षेत्र में भी वह लगातार युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही थी. शिक्षा के क्षेत्र में कई विशिष्ट सम्मान प्राप्त कर उन्होंने जिले का नाम गौरवान्वित किया था. इसके साथ प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ से संबद्ध संगीत संस्थान का भी संचालन करती रहीं. अपने निवास स्थान पर निःशुल्क शिक्षा केंद्र भी चलाती थीं. उनके संगीत संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर जिले के कई कलाकारों ने संगीत के क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया है. वहीं कई कलाकार तो संगीत से शिक्षा लेकर विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत भी हैं. अपने अध्यापन काल में भी उन्होंने ईमानदारी व निष्ठा के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की. उनके पढ़ाये कई बच्चे आज देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत हैं. उनके बड़े पुत्र संकेत किरण अंशु सरकारी विद्यालय में शिक्षक हैं. छोटे पुत्र प्रभात किरण हिमांशु छपरा के स्थानीय अखबार में मुख्य संवाददाता के रूप में कार्यरत हैं. वहीं एक युवा कवि के रूप में भी उनकी पहचान है. छोटी पुत्री पंखुड़ी श्री भी सारण की जानी-मानी गायिका हैं. पंखुड़ी के पति सुशील कुमार भी प्लस टू स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं. उर्मिला श्रीवास्तव अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर चली गयीं. उनके निधन पर संगीताचार्य राजेश मिश्रा, रामानुज मिश्रा, नृत्य गुरु व चर्चित संगीतकार बख्शी विकास, अंतरराष्ट्रीय चित्रकार मेहदी शॉ, बनारस के प्रतिष्ठित चित्रकार पुष्कर दास, सैंड आर्टिस्ट अशोक कुमार, लोक कलाकार उदय नारायण सिंह, रामेश्वर गोप, वैष्णवी, पूर्व मेयर राखी गुप्ता, इं चांदनी प्रकाश आदि ने शोक संवेदना प्रकट की है

## जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने निकली बाइक रैली

### जनता से अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रख वोट करने की अपील की

**दैनिक खोज खबर/इमामगंज ।** जन सुराज पार्टी आगामी उपचुनाव को लेकर पूरी तरह सक्रिय हो गई है। पार्टी के उम्मीदवार जितेंद्र पासवान व अन्य ने बाइक रैली निकाली, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। यह रैली विधानसभा के कई इलाकों जैसे डुमरिया बाजार, रानीगंज, बांके बाजार, पकरी गुडिया, बरहेटा, मंझौली, चकरबंद सहित कई प्रमुख स्थानों को कवर किया, जहां उन्हें व्यापक जनसमर्थन मिला। विधानसभा उप-चुनाव में मतदान से दो दिन पहले, जितेंद्र पासवान ने जनता से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। रोड शो में बाइक और कारों की लम्बी कतारें देखी गई, जो जन सुराज पार्टी के प्रति जनता के बढ़ते समर्थन का संकेत दे रही थीं7 मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि इमामगंज में अब तक लोग नेताओ के बच्चों के हितों के लिए वोट करते आए हैं, लेकिन इस बार जन सुराज पार्टी के जरिए उनके पास एक सुनहरा अवसर है कि वे अपने बच्चों के भविष्य के लिए मतदान करें।

## एकलव्य पब्लिक स्कूल में किया गया शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### शिक्षा मानवीयता के निर्माण के साथ अंतरात्मा को जीवंत करने का प्रक्रिया है

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** शिक्षा मानवीयता के निर्माण के साथ अंतरात्मा को जीवंत करने का प्रक्रिया है। बिना शिक्षा के मानवीयता का निर्माण व रक्षा नहीं किया जा सकता है। उक्त बाते इसुआपुर प्रखण्ड क्षेत्र के एकलव्य पब्लिक स्कूल, पिपरहियाँ के निदेशक राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम में कहा । उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल विषयी शिक्षा को प्राप्त करना ही शिक्षा नहीं। वास्तविक शिक्षा तो विद्यालयों में सिखाए जा रहे अनुशासन को अपनाकर राष्ट्र व परिवार के लिए जिम्मेवार नागरिक बनना है। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर के छात्र सचिन कुमार ने सभी केंदीय व राज्य स्तरीय आवासीय सरकारी विद्यालय, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय में नामांकन हेतू प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया और साथ इसके तैयारी के लिए अपील करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में सफल होने पर अच्छे वातावरण में निःशुल्क व सस्ता शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। बिना आवासीय विद्यालय के पठन - पाठन का वातावरण नहीं मिल पाता है। वहीं नवोदय विद्यालय के छात्र अमृत श्रेय के द्वारा नवोदय विद्यालय के शैक्षणिक सुविधाओं के संबंध में बताया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा भाषण, निबंध लेखन व क्विज प्रश्नोत्तरी में भाग लिया गया। इसके अलावा विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा भी विद्यार्थियों को संबोधित कर जागरूक किया गया।

## जेपीयू की महिला कब्बड्डी टीम रायपुर के लिए रवाना

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जय प्रकाश विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्विद्यालय, रायपुर में ईस्ट ज़ोन अन्तर्विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतीयोगिता में भागीदारी हेतु रवाना हुई।12 सदस्यीय महिला खिलाड़ियों के प्रशिक्षक ऋषिकेश हैं जो राज्य स्तरीय प्रशिक्षक हैं।इसी टीम ने हाल में पटना में आयोजित चांसलर ट्राफी में तीसरा स्थान प्राप्त करके विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया था।उसी आत्मविश्वास के साथ टीम अपना पहला मैच वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से खेलेगी।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेयी, कुलसचिव प्रोफेसर नारायण दास,कुलानुशासक प्रोफ विस्वामित्र पांडेय व खेल निदेशक प्रोफेसर राजेश नायक ने टीम के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए अपनी शुभकामनाएं दी है।


## अमनौर विधायक ने किया सड़क उन्नयन कार्य का शिलान्यास



**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** अमनौर विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटु सिंह ने सोमवार की शाम एक सड़क उन्नयन कार्य का शुभारंभ किया ।मुख्यमंत्री ग्राम सड़क उन्नयन योजना अंतर्गत मकेर मकतब से अमनौर तलाब तक पथ का उन्नयन कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि एनडीए की सरकार में गांव गली की सड़कें चकाचक होगी ,विकास की गंगा बहेगी ।इस मौके पर भाजपा नेता निरंजन शर्मा ,डॉ शियराम शर्मा उप प्रमुख मैनेजर साह , रबिन्द्र साह , समिति संजीव सिंह धर्मेंद्र सिंह , प्रमोद शर्मा,बीटू शर्मा, सोनू सिंह, सुरेन्द्र सोनी, भाघाकोल पूर्व मुखिया खेदू सिंह संजीव सिंह पटेल,लालू कुमार सहित सैकड़ो एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## ग्राम पंचायत राज फुलवरिया से राजीव रंजन उर्फ रोनू सिंह ने किया नामांकन दाखिल

**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** फुलवरिया पंचायत से पैक्स अध्यक्ष के लिए राजीव रंजन उर्फ रोनू सिंह ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया ,उन्होंने अपने सैकड़ो समर्थको के साथ ब्लॉक मुख्यालय पहुँच कर नामांकन पत्र दाखिल किया ।उन्होंने बताया कि किसानों की सेवा करना ही अपना कर्तब्य समझते हैं ।सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं को धरातल पर लाना मेरा प्राथमिकता होगी ।किसानों की सेवा के लिए हमेशा ततपर रहते हैं ,इस मौके पर जितेंद्र राय सुनील सिंह बिजय सिंह सुधीर



सिंह पिंटु सिंह आदित्य मिश्रा सोनू सिंह सलेंदर सिंह रोहन बैठा बैजन्ती देवी शारदा देवी सिंधु देवी ,मिन्ता देवी ,राखी सिंह ,पुष्पांजली कुमारी सहित हजारो की संख्या में समर्थक उपस्थित थे

## ग्यारह कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलशयात्रा

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** विश्व शांति व जन कल्याण के उद्देश्य से प्रखंड के वंशीलाल संतलाल हाई स्कूल कोहरा मठिया के प्रांगण में गायत्री परिवार व श्रद्धालु भक्तगणों के द्वारा आयोजित ग्यारह कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। गायत्री परिवार के प्रज्ञापुत्र आचार्य विकाश शर्मा,समाजसेवी हरिनाथ शर्मा, प्रमुख सविता देवी के नेतृत्व में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पवित्र यज्ञ स्थल से कोहरा,हसनपुरा, मुराही मार्ग होते हुए गंडक नदी तट पहुंची जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जलभरी कराई गई। पुनः नगर परिभ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंची ।इस दौरान डीजे बैंड,दर्जनों हाथी घोड़े, व अनेकों देवी देवताओं की आकर्षक झाकी की प्रस्तुति की गई जिसे देखने के लिए सड़क के दोनों ओर श्रद्धालु भक्तगणों की भीड़ देखी गई है। आयोजनकर्ता संजय शर्मा ने बताया कि ग्यारह नवंबर से पंद्रह नवंबर तक आयोजित इस गायत्री महायज्ञ में सुबह शाम प्रवचन, चौदह नवंबर को दीपयज्ञ, व पंद्रह नवंबर को एक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। कलश शोभायात्रा में समाजसेवी संजय शर्मा,प्रमुख सविता देवी,अवधेश सिंह,मुखिया संजीव सिंह, अशोक सिंह,धनंजय कुमार,मदन मिश्रा,रूपेश सिंह,मंसूर आलम,हरेंद्र सिंह,शैलेश सिंह,बबलू कुमार,मुकेश सिंह,सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्तगण लाल पीले वस्त्र में शामिल थे।

## भोजपुरी नाटक का शानदार मंचन

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज।** थाना क्षेत्र के सिंगही ग्राम में राघव सेवा संस्थान सिंगही के तत्वाधान में महान भोजपुरी नाटक घर परिवार का मंचन दर्शकों के सिर चढ़कर बोलता रहा। इस नाटक में निदेशक राजेंद्र प्रसाद राय के सफल निर्देशन में भारी भीड़ के बीच गिरधारी की भूमिका में नागेंद्र राय, बसावान पाठक-शिवनाथ प्रसाद राय श्याम- अशोक कुमार बलराम -जयप्रकाश यादव तो घनश्याम - बीरबल कुमार ने सराहनीय अभिनय कर समा बांध दिया । बसंती -रवि पटेल तो राधा और गंगिया की भूमिका में रणधीर कुमार एवं गुड्डू कुमार का अभिनय दर्शकों का मन मोहने में सफल रही। पंडित के अभिनय में नरसिंह मांझी तो बेचू- कृष्णा राय सुदामा जी के साथ-साथ भुजाली- शंभू मांझी तथा गिरगिटवा पासी की भूमिका में दिलीप राय खूब जमे ।इसके पूर्व ओपनिंग दृश्य में श्रवन कुमार अंधे माता-पिता की सेवा एवं तीर्थाटन करते हुए दिखाई दिए नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन राघव सेवा संस्थान सिंगही के दिवंगत सदस्यों मुकुल चौधरी, कृष्णा राय, सुनील राय ,धर्मेंद्र कुमार एवं रमेश प्रसाद को भावभीनी श्रद्धांजलि आगत अतिथियों एवं राघव सेवा संस्थान के सभी सदस्यों ने पुष्पांजलि देकर अर्पित किया ।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर जेड अहमद -दिघवारा योगेंद्र राय - मां का आशीर्वाद, गोप इंटरप्राइजेज के अनिल कुमार, जब्बार खान, बांगर कुमार, जयप्रकाश जी ,साहेब कंस्ट्रक्शन बबन राय इत्यादि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया।

# सोनपुर मेले की तैयारी अंतिम चरम पर, मेलार्थियों की सुरक्षा के लेकर चप्पे-चप्पे पर रहेंगे पुलिस बल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सरकारी स्तर पर 32 दिनों तक लगने वाले हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला की तैयारी युद्ध स्तर पर जोर-शोर से जारी है।मेला क्षेत्र मे खेल- तमाशा, रंग- बिरंगे झूले, वैष्णव देवी गुफा मंदिर आदि का निर्माण कार्य मे दिन रात कारीगर व मजदूर लगे हुए है। मेला का उद्घाटन आगामी 13 नवंबर को किया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस बार भी सोनपुर मेले का उद्घाटन फिर डिप्टी सीएम ही करेंगे। हरिहर क्षेत्र मेले के इवेंट मैनेजर ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह टुनटुन एवं मुन्ना बाबू के निर्देशन में पर्यटन विभाग के मुख्य पंडाल का निर्माण और उसके सौंदर्यीकरण का कार्य भी तीव्र गति से किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में कार्यों की देख रेख कर रहे टुनटुन बाबू ने बताये कि इस बार पर्यटन विभाग के मुख्य पंडाल के मंच की सजावट और बेहतरीन




ढ़ंग से की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार कलाकारों द्वारा निर्मित गजेन्द्र मोक्ष भगवान और बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक भव्य मॉडल के रूप भी दर्शन होगा, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। मेला प्रदर्शनी एरिया में स्थित आर्ट एन्ड क्रॉफ्ट ग्राम बाजार का निर्माण भी तेज गति से जारी है। कृषि प्रदर्शनी एरिया में उन्नत नस्ल की खेती व उन्नत प्रभेद के ईख की खेती भी प्रदर्शनी लगाकर आकर्षक होगा। इसमें वैशाली जिले के नर्सरियों की भी सहभागिता होती है। कृषि यंत्रों की भी इसमें बिक्री होती है। उन्नत प्रभेद के बीजों की बिक्री भी की जाती है। कृषक गोष्ठी के लिए भी पंडाल निर्माण कार्य तेज से हो रहा है। कृषि प्रदर्शनी मे लाखो किसान आकर कृषि से संबंधित जनकारी व सरकार से मिलने वाली सहायता के भी जनकारी निःशुल्क प्राप्त कर सकते है और अपनी आय को दुगना करने के लिए सलाह कृषि सलहकार, कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियो से प्राप्त कर सकते है।वही समाजसेवी लालबाबू पटेल व जयंत सिंह ने बताया कि इस बार हरिहरक्षेत्र मेला में आधा दर्जन थियेटर नजर आएंगे। पर्यटन विभाग की भूमि पर इस बार देशी विदेशी सैलानियों के लिए आधा दर्जन स्विस कॉटेज बनाए जा रहे हैं। पिछले वर्ष इसकी संख्या अधिक थी। कश्मीरी कपड़ों के व्यापारी भी मेला में गर्म व ऊनी कपड़ों को लेकर आ चुके हैं। उनकी दुकानें भी सजने लगी हैं। काष्ठ बाजार में पलंग, सोफा, चौकी, लकड़ी से बने समाग्री सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों की दुकानें लग चुकी है। दुकानदार अपनी दुकानों को व्यवस्थित करने में जुटे हुए हैं।प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पशुपति शाह,वैभव सिंह, गौतम कुमार ने बताया कि इस बार यहां चिड़िया बाजार एवं लकड़ी बाजार रोड में एक दर्जन से अधिक विविध प्रकार के झूले पर्यटको के मनोरंजन के लिए आ चुके हैं। गाय बाजार पूर्वी भाग अब डिजनीलैंड मेला में तब्दील हो चुका है। यहां वैष्णव देवी दर्शन और झूले भी लग रहे हैं। मिनार्थियों की सुरक्षा के लेकर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा एवं पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। असामाजिक तत्वों से निपटने व चिन्हित करने के लिए सफेदपोश में पुलिस बल रहेंगे। मेलार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लेकर व्यापक व्यवस्था जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन ने तैयारी कर ली है। सोनपुर सीओ ने पुलिस बल के सहयोग से हरिहनाथ मंदिर सड़क मार्ग सहित मेला क्षेत्र को अतिक्रमण किए गए स्थलों को अतिक्रमण कर्ताओ से मुक्त कराते हुए यह भी चेतावनी दी कि अगर पुनः सड़क मार्ग को अतिक्रमण किया तो उस पर कानूनी करवाई की जायेगी

## प्रतिमा स्थापना और अष्टयाम को लेकर बैजलपुर से निकाली गई कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत बैजलपुर नया टोला गांव स्थित बागेश्वर स्थान प्रागण में वाल्मीकि जी के प्राण प्रतिष्ठा व 24 घंटे के अष्टयाम को लेकर यज्ञ मंडप से सोमवार के 501 कलश के साथ महिलाओं एवं पुरुष वर्ग के द्वारा माथे पर कलश लेकर गाजे बाजे, घोड़े के साथ गांव भ्रमण करते हुए जड़ भारत मंदिर स्थित नारायणी नदी स्थल पर पहुंच कर विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञकर्ता कैलाश पासवान,मितलेश के साथ भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने नारायणी नदी से गंगा जलभरी कर गाजे बजे के साथ पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचा। वाल्मीकि जी के स्थापना कर्ता कैलाश पासवान ने बताया कि मंगलवार के पांच विद्वान आचार्य अनील पांडये, संजय पांडये द्वारा वाल्मीकि जी की प्राण प्रतिष्ठा और अन्य कर्म कांड के साथ 24 घंटे का अष्टयाम शुरू होगा उसके अगले दिन बुधवार के रात राम विवाह का आयोजन किया जाएगा। मितलेश कुमार ने बताया कि बाल्मीकि जी का प्रतिमा स्थापना कर्ता कैलाश पासवान के दिशा निर्देश मे गोपाल पंडित के द्वारा निर्माण किया गया। इस मौके पर शंकर महतो, रमाकांत प्रसाद, बाबु लाल राय ,धनुष मोहन भगत, सुपन पंडित,चंदेश्वर राय ,देवेंद्र पासवान, अमरजीत पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता व श्रद्धालु कलश यात्रा मे शामिल रहे।

## पंचायत में हर घर नल जल योजना विफल, मुखिया ने पीएचडी को जिम्मेदार ठहराया

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पंचायतों में हो रही पानी की समस्या को देखते हुए नल जल योजना को ड्रीम प्रोजेक्ट बनाया गया था ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पानी मिल सके लेकिन मशरक प्रखंड के जजौली पंचायत में मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। इसकी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि वरूण यादव ने दी। उन्होंने कहा कि जजौली पंचायत के सभी वार्डो में नल जल योजना शोभा की वस्तु बन गई है। योजना पीएचडी के अधीन है शिकायत करने पर कोई सुनने को तैयार नहीं है उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को भी दी गई है पर तब भी मामला जस का तस बना हुआ है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

## शराब कांड के मास्टरमाइंड और सहयोगी के कनेक्शन की जांच से लगेंगी धंधेबाजों पर लगाम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण के मशरक और सिवान के भगवानपुर गांव में बीते महीने पहले जहरीली शराब पीने से कई की जान चली गई और कुछ का इलाज हुआ। मामले में डबल एसआईटी ने जांच पड़ताल की और डीआईजी सारण ने मामले में जांच पड़ताल कर कांड का उद्भेदन कर दिया और एक दर्जन लोगों की गिरफ्तारी भी की गयी। वहीं कांड से जुड़े सभी तथ्यों को उजागर भी कर दिया गया। और नये थानाध्यक्ष के रूप में अजय कुमार का पदस्थापन किया गया और उन्होंने थाना स्तर पर जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की और उनसे मदद का भरोसा लिया। पर अभी भी इलाक़े में अवैध शराब का बिकना बंद नहीं हो सका। हालांकि प्रशासन के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है पर बरामदगी के नाम पर बड़ा कुछ नहीं हो पा रहा है। जहरीली शराब कांड की घटना के दौरान जब इलाक़े के गांवों का दौरा किया गया तो यह तो साफ हुआ कि शराब बिकती थी और स्थानीय लोगों के द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पर जब मीडिया के नाते गांवों में जाना गया तो यह तो साफ हुआ कि इस कांड के उद्भेदन के बाद यदि इसमें जुड़े दो शख्स मंटू सिंह और रूदल मांझी के कनेक्शन को और यदि अभी भी बढ़िया से जांच पड़ताल की जाएं तो मशरक के इलाकों में अवैध शराब सिर्फ देशी का मिलना कम हो जाएगा और इस तरह की बड़ी घटना होने पर विराम लग जाएगा। क्यूंकि सारण के मशरक को शराब का नैहर भी कहां जाता है।

## पैक्स चुनाव में 32 मतदान केंद्रों पर 19 हजार वोटर करेंगे मतदान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के 13 पैक्सों में 32 मतदान केंद्रों पर 27 नवम्बर को पैक्स चुनाव में मतदाता मतदान करेंगे। जिसकी जानकारी निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पैक्स चुनाव के दूसरे चरण में 27 नवम्बर को होगा जिसमें 13 पैक्सों में कुल 32 मतदान केंद्रों पर 19024 मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। पैक्स में अरना, कर्ण कुदरिया, चांद कुदरिया, जजौली , डुमरसन, बंगरा ,बहरौली, मदारपुर, नवादा, सोनौली,सेमरी, मशरक पूर्वी, पश्चिमी में मतदान होगा वहीं दुरगौली ,खजुरी, कवलपुरा और गंगौली में कार्यकाल पूरा नहीं होने पर मतदान नहीं होगा। प्रभारी जीपीएस मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि एन आर कटने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं बीसीओ श्री कांत ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 13 ,14 और 16 नवम्बर को होगी ,जबकि मतदान 27 नवम्बर को होगा। वहीं पैक्स चुनाव में सह सदस्य नामांकन नहीं कर सकेंगे, क्योंकि चुनाव लड़ने के लिये पैक्स का मतदाता होना व मतदाता सूची में सदस्य के रूप में नाम शामिल होना जरूरी है। सह सदस्य के रूप में मतदाता सूची में शामिल व्यक्ति ही मतदान ही कर सकता है।

## चांद बरवा गांव में खेतों में लगीं आग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चांद बरवा गांव में खेतों में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग कैसे लगी पता नहीं चल पाया। ग्रामीण हरिकिशोर सिंह ने बताया कि खेतों में धान की फसल से आग लगीं और देखते ही देखते जंगल में विकराल रूप धारण कर ली। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

## नदी किनारे सांप ने लड़के को डंसा, निजी क्लीनिक में हुआ इलाज

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक नगर पंचायत के तख्त टोला गांव में घोघाड़ी नदी के किनारे लड़के को सांप ने डंस लिया। जिसका इलाज निजी क्लीनिक में हुआ। लड़का तख्त टोला गांव निवासी मनोज साह का 10 वर्षीय पुत्र सागर कुमार है। स्वजनों ने बताया कि लड़का नदी किनारे टहलने गया था कि सांप ने डस लिया। जिसे इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार हुआ।

## अमनौर में दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में दो अलग अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी वहीं एक महिला की भी मौत से कोहराम मच गया. जहां सोमवार की अहले सुबह लगभग पांच बजे स्थानीय थाना क्षेत्र एस एच 73 अमनौर- सोनोहो मुख्य पथ भेड़ियर टोला गांव के पास तेज गति में आ रही बाइक ने वहीं के स्थानीय एक महिला को जोरदार ठोकर मार फरार हो गया दिया जिससे उसकी मृत्यु घटना स्थल पर हो गई. मृतक महिला अमनौर भेड़ियर टोला गाँव के स्वर्गीय प्रभु राम की पत्नी प्रभावती देवी 55 वर्ष बताई गयी है. परिजनों ने बताया की महिला सुबह उठकर सड़क किनारे टहल रही थी तभी तेज गति सा आ रही बाईक ने ठोकर मारकर सोनोहो की तरफ निकल गया. वहीं दूसरी ओर सोमवार को सुबह 9 बजे थाना क्षेत्र के एसएच 104 अमनौर- भेल्दी मुख्य पथ धरहरा गाँव के पास अपने बाइक से घर लौट रहे एक यवक को समाने से आ रही ट्रक ने ठोकर कर बुरी तरह ज़ख्मी कर दिया. स्थानीय लोगो की मदद से घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल ले जा रहे थे कि उसकी मौत रास्ते में ही हो गयी. मृतक युवक की पहचान भेल्दी थाना क्षेत्र के बसौता गाँव निवासी कृष्णा प्रसाद सिंह के 21 वर्षीय पुत्र शशि कुमार सिंह के रूप में हुई हैं. जो अमनौर से अपने एक साथी के साथ घर जा रहा था कि उक्त रास्ते में ट्रक से ठोकर लग गयी. सूचना मिलते ही अमनौर पुलिस ने ट्रक का पीछा कर ट्रक को कब्जे में लेकर थाने ले गयी. सूचना के बाद मृतक के परिजन व आसपास के लोग थाना के एम्बुलेंस में रखे शव के पास इकट्ठे हो गये वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा. पुलिस ने दोनों शव को पोस्मार्टम में भेज दिया.थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने कहा कि घटना की तहकीकात किया जा रहा है. परिजनों के शिकायत पर कड़ी प्राथमिकी दर्ज कर करवाई करने की बात कही ।

## बाजार कर बाइक से छठियार में जा रहीं महिला दुर्घटना में घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के पूरब टोला गांव में बाइक से बाजार कर छठियार में शामिल होने जा रहीं महिला बाइक दुर्घटना में घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गई। घायल पानापुर के धनौती गांव निवासी 52 वर्षीय बिंदू देवी पति दिलीप सिंह हैं जो मशरक बाजार से पूरब टोला होकर तरैया थाना क्षेत्र के डुमरी छपिया गांव में रिश्तेदारी में छठियार में शामिल होने जा रही थी कि पूरब टोला गांव में बाइक दुर्घटना में घायल हो गयी। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने सर पर लगें गहरे जख्म की वजह से बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव की जोर शोर से तैयारी शुरू

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** गुरुवार को माँझी बलिया मोड़ पर आयोजित कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव की जोरशोर तैयारी शुरू कर दी गई है। सोमवार को दो दो जेसीबी एवम दर्जन भर मजदूरों के सहारे आयोजन स्थल की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि गुरुवार को दिन में प्रसिद्ध कीर्तन गायक वरुण कुमार त्रिवेदी उर्फ लाल बाबा की टीम सुन्दरकाण्ड का सस्वर पाठ करेगी। ततपश्चात शाम को सात बजे छपरा की पूर्व मेयर राखी गुप्ता,माँझी की प्रखण्ड प्रमुख कमला देवी,माँझी नगर पँचायत की मुख्य पार्षद विजया देवी,उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह,तथा भाजपा नेत्री पूजा शर्मा समारोह का विधिवत उदघाटन करेंगी। शाम के आठ बजे तक सम्मान समारोह एवम अतिथियों का सम्बोधन होगा। उसके बाद गोपालगंज के गायक अरविन्द सिंह अभियन्ता एवम आरा के गायक



रामाशंकर सिंह के बीच द्विदलीय संगीत का मुकाबला शुरू होगा जो रात भर चलेगा। शुक्रवार की सुबह प्रसिद्ध रामघाट तथा राम जानकी घाट पर गंगा नहान शुरू होगा। उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव समारोह में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल,छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह,राजद नेता सुधांशू रंजन,हेम नारायण सिंह,केशव सिंह,जितेन्द्र सिंह,राणा प्रताप उर्फ डब्ल्यू सिंह,अनुपम सिंह,विजय प्रताप उर्फ चुन्नू सिंह,जन सुराज के नेता मुन्ना सिंह भवानी तथा उदय शंकर सिंह सहित आसपास के क्षेत्र के दर्जनों महत्वपूर्ण नेता,कलाकार,समाजसेवी एवम पँचायत प्रतिनिधि आदि शामिल होंगे। समारोह का संचालन शिक्षक व कवि बिजेन्द्र तिवारी करेंगे। उधर माँझी के रामघाट स्थित हनुमान गढ़ी मन्दिर परिसर में गुरुवार को अखण्ड अष्टयाम प्रारम्भ होगा तथा शुक्रवार को अष्टयाम की पूर्णाहुति एवम गंगा नहान के अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी संत रामप्रिय दास ने दी।

## तरैया : पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए 18 और सदस्य पद के लिए 67 उमीदवारों ने किया अपना नामांकन

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सराण)।** प्रखण्ड के तरहों पंचायत में पैक्स अध्यक्ष और प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के चुनाव को लेकर नामांकन की प्रकिया प्रारंभ हो चुकी हैं। प्रथम दिन तरैया पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद पर निवर्तमान अध्यक्ष प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह अपने सैकड़ो समर्थको के साथ तरैया प्रखंड कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उपस्थित समर्थकों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला पार्षद हरिशंकर सिंह उर्फ हरि सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मौजूद थे। वही भागवतपुर पंचायत से पूर्व मुखिया किशोर कुमार बबुआ ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं पैक्स अध्यक्ष व प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों की होने वाली चुनावी प्रक्रिया के तहत सोमवार को विभिन्न पंचायतों से अध्यक्ष और प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों के उम्मीदवारों ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। प्रखण्ड निर्वाचन पदाधिकारी सह तरैया बीडीओं विभु विवेक ने बताया कि प्रथम दिन सोमवार को विभिन्न पंचायतों से अध्यक्ष पद के लिए कुल 18 उम्मीदवार व प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदस्य पद के लिए 67 उम्मीदवारों ने अपना नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रकिया 11 से 13 नवम्बर तक चलेगी। मौके पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ज्ञान रंजन, मनरेगा पीओ वजीउल्लाह खां, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी काजल तिवारी, कृषि सलाहकार चितरंजन पाठक, समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

## विभिन्न पंचायतों के पैक्स अध्यक्ष पद के लिए गहमागहमी के साथ 21 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर(सारण)।** प्रखंड में पैक्स चुनाव हेतु नामांकन के पहले दिन विभिन्न पंचायतों के पैक्स अध्यक्ष पद के लिए गहमागहमी के साथ 21 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया. वही विभिन्न पंचायतों से पैक्स सदस्य पद हेतु दर्जनों उम्मीदवारों ने भी अपने अपने पर्चे दाखिल किये. सोमवार को पैक्स अध्यक्ष पद के लिए धर्मपुर जाफर पंचायत से अजीत कुमार सिंह,धरहरा खुर्द पंचायत से बच्चा सिंह, रसूलपुर पंचायत से राजेश कुमार सिंह , राकेश कुमार सिंह हुस्सेपुर पंचायत से विजय राय,अमनौर कल्याण पंचायत से रोहित कुमार सिंह उर्फ गोलू सिंह, राहुल राज कटसा पंचायत से संतोष कुमार राय शेखपुरा पंचायत से डॉ. राय तरवार पंचायत से सुमन पांडेय रायपुरा पंचायत से प्रियंका कुमारी ढोलारही कैथल पंचायत से अतुल कुमार, मनोरपुर झखरी पंचायत से हरिशंकर राय,परसा पंचायत से बिनोद कुमार यादव,पंकज राय अपहर पंचायत से मनोज कुमार राय, यमुना पांडेय,बलिराम पांडेय एवं पूर्व मुखिया राज कुमार पंडित सहित 19 पुरुष तथा दो महिला प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंच पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अपना अपना नामांकन दाखिल किया. सदस्य पद के लिए मात्र दो काउंटर तथा अध्यक्ष पद के लिए मात्र एक ही काउंटर होने से नामांकन प्रक्रिया काफी धीमी रही. जिससे लोगों को काफी परेशानी होने का शिकायत किया. निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पहले से बहाल थे शांतिपूर्वक तरिके से नामांकन की प्रक्रिया चल रहा है. अध्यक्ष पद के लिए एक तथा सदस्य पद के लिए दो अलग अलग काउंटर बनाने गये है ।

## फर्जी डॉक्टरों पर असली डॉक्टर नरम, बस सूची होती है तैयार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र के इलाकों में सक्रिय झोलाछाप डॉक्टरों की स्वास्थ्य विभाग हर वर्ष सूची तो तैयार करता है, लेकिन इन पर ठोस कार्रवाई कभी नहीं का कर पाता। लंबी फेहरिस्त तैयार कर विभागीय टीम जांच और कार्रवाई के लिए निकलती है, पर हालात ऐसे बनते हैं कि असली जिम्मेदार डॉक्टर कुछ दिनों तक जांच करने के बाद मामले में ले देकर इन पर नरम पड़ जाते हैं । बीते महीने पहले भी सीएचसी मशरक ने फर्जी डॉक्टरों पर कार्रवाई के नाम पर जांच-पड़ताल की थी, लेकिन कवायद कितने दिन चली और क्या कारवाई की गयी यह दावा कोई नहीं कर सकता। जानकारी के अनुसार मशरक में अधिकांश अस्पतालो में फर्जी डॉक्टर अपनी दुकान चला रहे हैं। इनके पास न तो कोई प्रामाणिक डिग्री है, न ही किसी विधा में अनुभव, फिर भी यह लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि जिलाधिकारी सारण के तरफ से इनकी अवैध अस्पतालों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

## बैक से पेंशन की राशि निकाल बाहर निकले दंपति का बैग काट 50 हजार की चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के स्टेशन रोड अवस्थित सेन्ट्रल बैंक की शाखा से पेंशन का 50 हजार रुपए निकाल कर घर जाने के लिए परिसर से निकले दंपति का बैग काट रूपये चोरी करने का मामला सामने आया है। पचखंडा टोला राजापुर गांव निवासी दशई राय ने बताया कि वे आर्मी से सेवानिवृत्त हैं और बीमार चल रहे हैं इलाज के लिए पेंशन का रूपया निकालने पत्नी मंजू देवी के साथ बैक पहुंचे और 50 हजार रुपए निकाल बैग में रखकर घर के लिए बैक परिसर से बाहर निकलें कि उसी दौरान बैग काट रूपये चोरी कर ली गई। मामले में थाना पुलिस को आवेदन दिया। आपकों बता दें कि स्टेशन रोड स्थित सेंट्रल बैंक की शाखा से रूपये निकाल कर जाने के दौरान बराबर इस तरह की घटनाएं सामने आई है पर पुलिस किसी भी मामले में उद्भेदन नहीं कर पाती है। जबकि परिसर समेत बाहर आधा दर्जन दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों ने बैंक प्रबंधक पर घोर लापरवाही का भी आरोप लगाया। लोगों ने बताया कि बैंक में अवांछनीय तत्वों का जमावड़ा रहता है वहीं ग्राहकों की सुविधा के लिए समुचित विकल्प उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं।

# आजादी के 78 वर्ष बाद भी जिला बनने के लिए तरस रहा सोनपुर

### सोनपुर वासियो ने दिए 3 मुख्यमंत्री,मंत्री,एमएलसी फिर भी नहीं मिला अब तक सोनपुर के जिला का दर्जा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** उत्तर बिहार का सर्वाधिक लोकप्रिय धर्मिक, पौराणिक, एतिहासिक एवं पर्यटक दृष्टिकोण से सम्पन्न हरिहर क्षेत्र सोनपुर की पावन भूमि जिला का दर्जा पाने के लिए पिछले 78 वर्षों से तरह रहा है। जातीय उन्माद के विषवृक्ष की उपज करने वाला इस क्षेत्र से आज तक ऐसा एक भी सांसद, विधायक, एमएलसी नहीं हुआ जो हरिहर क्षेत्र सोनपुर को जिला का दजां दिलाने के लिए आवाज बुलंद किया हो।इस क्षेत्र से जुड़े लालू प्रसाद, श्रीमती राबड़ी देवी, स्व. रामसुन्दर दास बिहार के मुख्यमंत्री बने, स्व. राम जयपाल सिंह यादव उपमुख्यमंत्री बने, यहां के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी केन्द्र में कई बार मंत्री बने और वर्तमान मे लगातार 10 वर्षो से सांसद भी है। इन लोगों की कभी भी इच्छाशक्ति सोनपुर को जिला का दर्जा दिलाने के लिए नहीं पनपा। सोनपुर अनुमंडल के एक मात्र राजद के स्थानीय विधायक डॉ रामानुज प्रसाद ने सोनपुर मेले के उद्घाटन और समापन के दिन मुख्य मंच से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, सांसद तक के लोगो सोनपुर को जिला के दर्जा देने की मांग करते आ रहे है ताकि सोनपुर व मेला को विकसित कर यहां के लोगो को जो परेशानियां होती है उससे निजात मिल सके । लेकिन विधायक के बातों पर आज तक अमल नहीं हो रही है। कई बुद्धिजीवियों ने कहा कि जब बिहार के दो प्रखंड को जिला का दर्जा मिल सकता है तो फिर सोनपुर 3 प्रखंड है इसके अलावा सोनपुर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा परसा प्रखंड का भी कार्य प्रणाली यहां से होती है यानी कहां जाए तो अगर सोनपुर, दिघवारा ,दरियापुर, परसा,मेकर कुल 5 प्रखंड को मिलाकर अगर जिला के दर्जा मिल जाए तो यहां के लोगों को जो आवागमन मुख्यालय जाने आने में जो कठिनाई होती है इसके साथ ही अनेक तरह की समस्याओं से लोगो को जूझना पड़ता है।अगर जिला का दर्जा मिल जाए तो अनेको समस्याओं से निजात से निजात मिलेगी साथ ही रोजी रोजगार का साधन उपलब्ध होगा हालांकि यह क्षेत्र हर दृष्टिकोण से जिला रूपि आभूषण वरण करने योग्य रहा है।वर्तमान में यह क्षेत्र सारण जिले का अंग है। मुख्यालय यहां से लगभग 55 किलोमीटर पश्चिम छपरा शहर में अवस्थित है जहां न्याय बैठा है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की देंन है कि सोनपुर अनुमंडल, रेल चक्का करखाना सहित अन्य विकास हुआ है। 1 अप्रैल 1991 से सोनपुर अनुमण्डल काम कर रहा है। लेकिन व्यवहार न्यायालय अब तक यहां शुरू नहीं हुआ है। पटना उच्च न्यायालय के संबंधित विद्वान न्यायाधीश भवन का निरीक्षण भी कर चुके है। व्यवहार न्यायालय का उदघाटन पता नहीं किन कारणों से नहीं हो रहा है। सोनपुर प्रत्येक दृष्टिकोण से जिला का दर्जा प्राप्त करने योग्य है और इसके बनने के आधार भी मौजूद है। सोनपुर अनुमंडल वासियो ने यहां से 3 मुख्यमंत्री,मंत्री,एमएलसी, लगातार विधायक भी दिया फिर भी कुंभकरणी नींद मे सोये हुए यहां के मंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य मंत्री । क्रांतिपूत्रों की अप्रतिम गाथा की गूंज यहां की मिट्टी का एक-एक कण बयान करता है। महापंडित राहुल सांकृत्यायन, सवामी सहजानंद सरस्वति, रामवृक्ष बेनीपुरी, किशोरी प्रसन्न सिंह, रामाविनोद सिंह आदि विभुतियों की कर्मस्थली यह क्षेत्र आज भी गौरव सुख अनुभव करती है। शहीद राजेंद्र सिंह,शहीद महेश्वर, सिंह, शहीद द्वारिका सिंह, शहीद दीपु महतो इनका जन्म स्थली सोनपुर है। तजम्मुल हुसैन भी शहीद हुए थे। यह निरसु नारायण सिंह अधिवक्ता जैसे समाजसेवी की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि है। विकास के नाम पर पूर्णतः शुन्य सोनपुर अनुमंडल की शून्यता तभी दूर हो सकेगी, जब सोनपुर को जिला का संवैधानिक दर्जा मिलेगा। ध्यान रहे कि सोनपुर अनुमण्डल एक जिला की सारी शर्तें पूरा करता है। प्रशासनिक स्तर पर यहां अनुमण्डलीय मुख्यालय प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय अनुमण्डलीय चिकित्सालय,निबंधन कार्यालय, नगर पंचायत सहित अन्य कार्यालयों के साथ-साथ दर्जनाधिक उच्च विद्यालय, आधे दर्जन से अधिक महाविद्यालय सीडीपीओ कार्यालय, कई राष्टीयकृत बैंक, विश्व में द्वितीय स्थान रखने वाला लम्बा प्लेटफार्म सोनपुर , शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, ब्रिटिश कालीन डाक बंगला एवं वृहद डाक बंगला मैदान, विश्व प्रसिद्ध पशु मेला, बाबा हरिहर नाथ मंदिर सहित दो दर्जन से अधिक प्राचीन मठ मंदिर, रेल मण्डल मुख्यालय, रेलवे अस्पताल, उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाला दीघा -सोनपुर रेल सह सड़क पुल सहित यहां और भी बहुत कुछ है जो राज्य के अन्य जिलों में नहीं है। सोनपुर का दक्षिनी भाग राज्य की राजधानी पटना से स्पर्श करती है तो पूर्वी सीमा वैशाली जिला मुख्यालय हाजीपुर को टच करता है। जबकि जिला मुख्यालय यहां से 55 किलोमीटर दूर है इस दुरी के बजह से सोनपुट अनुमंडल क्षेत्र के लोगो को आवागमन मे काफ़ी कठिनाई होती है। वैसे इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष विश्व प्रशिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला लगता है। इस अवधि में न केवल जिला बल्कि सारण प्रमंडलीय कार्यालयों का भी काम एक माह तक यही से होता है। कमिश्नर कलक्टर डीआईजी एसपी सहित कई विभागों का यहां शिविर एवं प्रदर्शनी लगता है।अनुमानतः प्रतिवर्ष मेले की व्यवस्था पर करोड़ों रूपये खर्च आते जबकि जिला बन जाने पर इस खर्च मे भारी कमी आ सकता है। सोनपुर जिला बन जाने के बाद मेले के अवसर पर सुविधा तो बढ़ेगी ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

सोनपुर में जिला मुख्यालय के लिए पर्याप्त जगह और कई सरकारी भवन भी उपलब्ध है। यहां जिला मुख्यालय के लिए सरकार को जमीन भी कोई खास अधिगृहित नहीं करनी पड़ेगी। जिला बनने से देश-विदेश के पर्यटकों को यहां के पौराणिक, एतिहासिक स्थलों की ओर आकर्षित होने का मार्ग प्रशस्त होगा। सोनपुर में ख्याति प्राप्त मठ मन्दिरों का जखीरा है।सोनपुर अगर जिला बनता है तो वह सीधे तौर पर राजधानी पटना की तरफ तथा पटना की तरह विकास कार्यों में जुड़ जायेगा तथा हर प्रशासनिक सुविधाएं जब सोनपुर को प्राप्त होने लगेगी तो उसका लाभ अन्य प्रखण्डों को भी स्वभवतः प्राप्त होगा ही। मालुम हो कि 13 नवम्बर 24 को मेला का उदघाटन होना तय है। इस अवसर पर मंच से बोलने वाले वक्ता गला फार-फार कर सोनपुर का गुणगान करेगें। तालियों से उनका स्वागत भी किया जायेगा। लेकिन 32वां दिन जब मेला समात होगा तो फिर साल भर तक कोई इधर झांकने तक नहीं आवेगा यह प्रायः हर साल होता है। हरिहर क्षेत्र जिला बनाओ संघर्ष समिति सोनपुर के लोगों ने कहां की जब केंद्र में भी भाजपा व राज्य मे भी भाजपा की सरकार है फिर भी सोनपुर क्षेत्र वासियों के अनेक समस्याओं से जूझना पर रहा है यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है। जिला के दर्जा दिलाने की अपनी मांग की पूर्ति के लिए मेला उदघाटन के अवसर पर यहां पहुंचे मुख्य अतिथि को जिला बनाने के लिए पुनः माँग करेंगे।

## ग्राम पंचायत राज कस्बा मकेर से निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष ने किया नामांकन



**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** सोमवार को कस्बा मकेर पंचायत के निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष उषा देवी ने दलबल के साथ अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया ।इस मौके पर उन्होंने बताया कि पूर्व में किए गए कार्यो से उत्साहित होकर जनता पुनः मुझे जीत दिलाएगी ।उनके साथ उनके पुत्र सुसंत कुमार सिंह, एवं संजीव सिंह रीतेश कुमार पटेल बब्लू सिंहगीता देवी , शोभा देवी, सुनैना देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गिरफ्तार तीनों बदमाशों को पूछताछ के बाद भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।**एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस की मदद से रविवार की रात हुसैनगंज थाना क्षेत्र के टेढ़ी घाट नहर समीप जिन बाबा के पास से जिले के एक कुख्यात सहित चार बदमाशों को पकड़ लिया। इसमें से तीन बदमाशों को पुलिस ने पूछताछ के बाद सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि जिन बाबा के पास रविवार की शाम जिम्मी अपने कुछ साथियों एवं सुपारी देने वाले के साथ एक जमीनी मामले में हत्या की योजना बना रहा था। जहां से जिम्मी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पूछताछ के क्रम में उसने कई आपराधिक मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। देर रात हथियार के बारे में पूछने पर बताया कि हथियार वहीं झाड़ी में फेंक दिया था।जिसे खोजने के लिए साढ़े बारह बजे रात में एसटीएफ के साथ जिन बाबा के पास ले जाया गया। जैसे उसे पिस्टल मिला उसने दो फायर कर दिया और हथकड़ी झटक कर भागने की कोशिश करने लगा जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके दाहिने पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया। सोमवार को गिरफ्तार दयाशंकर साह, अनिल कुमार गुप्ता व शेख मुन्ना को जेल भेज दिया गया।

## बाइक चोरी करते चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के खानपुर खैरांटी गांव में रविवार की देर रात बाइक सवार तीन चोरों ने स्वास्थ्यकर्मी सुरेश यादव के दरवाजे से चोरी कर भाग रहे थे तभी ग्रामीणों ने एक बाइक चोर को बाइक समेत पकड़ लिया तथा पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए बाइक चोर की पहचान दरौली थाना के मुड़ा मझौवा निवासी विशाल कुमार बैठा के रूप में हुई है। पुलिस गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर रही है।बताया जाता है कि स्वास्थ्य कर्मी खैरांटी निवासी सुरेश यादव दरवाजे पर अपनी बुलेट खड़ी कर सो गए थे। तभी देर रात एक बाइक पर तीन चोर पहुंचे और लाक तोड़कर उनकी बाइक लेकर भागने लगे। इस दौरान दो लड़कों की नजर उक्त बाइक चोर युवकों पर पड़ी। दोनों लड़के शोर मचाना शुरू किए। लड़कों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा चोरों की घेराबंदी करना शुरू कर दी। अपने को घिरते देख दो चोर अपनी बाइक छोड़कर भागने में सफल रहे जबकि तीसरे चोर को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया तथा पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। पकड़े गए चोर की पहचान दरौली थाना के मुड़ा मझौवा निवासी विशाल कुमार बैठा के रूप में हुई है। पुलिस गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर रही है।

## 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर परीक्षा से रोकने पर छात्रों ने किया हंगामा

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज में सोमवार को इंटर सेंटअप की परीक्षा शुरू होने से पहले ही परीक्षा से वंचित छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय प्रशासन के बीच टकराव हो गया। विद्यालय प्रशासन के आदेश के खिलाफ छात्रों का एक बड़ा समूह विद्यालय के मुख्य द्वार पर हंगामा शुरू कर दिया जिससे विद्यालय में कुछ समय के लिए अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। बताया जाता है कि सोमवार को इंटर की सेंटअप परीक्षा शुरू होते हुए विद्यालय प्रशासन द्वारा 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षा से वंचित करने का फरमान जारी कर दिया गया। बताया गया कि जिन छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है तथा वैसे छात्र जो विद्यालय ड्रेस में नहीं आए हैं एवं जिनके पास मोबाइल है उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया गया। इस दौरान परीक्षा से वंचित छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों के हंगामा को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य लालबाबू कुमार ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसआइ सत्यनारायण मंडल दलबल के साथ विद्यालय पहुंच विद्यालय प्रशासन एवं छात्रों की समस्या को सुने तथा आक्रोशित छात्रों को शांत कराया। छात्रों का कहना था कि विद्यालय प्रशासन द्वारा बिना वजह बताए ही परीक्षा से वंचित कर दिया गया है। छात्रों का आरोप था कि विद्यालय प्रशासन उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। कई छात्रों ने कहा कि विद्यालय में भवन नहीं है, इस कारण वर्ग संचालन में परेशानी होती है। इसलिए सभी छात्रों का विद्यालय में एक साथ उपस्थित होना संभव नहीं है। मालूम हो कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमीडिएट सेंटअप के छात्रों का प्रथम पाली में भौतिक शास्त्र तथा दूसरी पाली में रसायन शास्त्र, राजनीति शास्त्र तथा मनोविज्ञान विषय की परीक्षा ली गई।

## श्रम विभाग पहुंचा श्रमिको के द्वार

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** प्रखंड के हराजी पंचायत में श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार के विभागीय मंत्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर निर्माण श्रमिकों का बिहार भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन एवं विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता सह निबंधन शिविर का आयोजन श्रम संसाधन विभाग दिघवारा प्रखंड के तरफ से किया गया। शिविर में मुख्य रूप प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने उपस्थित श्रमिकों को कार्ड श्रमिक कार्ड ऑनलाइन बनवाने को लेकर प्रेरित की। शिविर में लगभग सैकड़ों श्रमिकों की उपस्थिति रही । इस दरम्यान निबंधन हेतु लगभग आधा दर्जन आवेदन और नवीकरण हेतु लगभग 1दर्जन आवेदन प्राप्त हुए।श्रम विभाग द्वारा श्रमिको के कल्याण हेतु संचालित योजना हेतु शिविर में ही लगभग आधा दर्जन श्रमिको द्वारा आवेदन दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रमिक को संबोधित करते हुए प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने कहा की वैसे सभी निर्माण एवं मनरेगा श्रमिक जिन्होंने पिछले 1 वर्ष में कम से कम 90 दिनों तक काम किया है वह बोर्ड में अपना निबंध करवाए निबंध के उपरांत श्रमिक बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे उन्होंने श्रमिकों को आवश्यक किया कि विभाग आपके हितार्थ सभी स्तरों पर कार्य कर रही है जिसमें आपकी प्रमुख भागीदारी में आवश्यकता है।कार्यक्रम में मुख्य रूप मुखिया भोला कुमार हराजी,स्वच्छता पर्यवेक्षक मनीश ठाकुर, नीरज कुमार के साथ ही सैकड़ों श्रमिक उपस्थित थे।

## पुलिस ने भागर दियरा में तीन शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

**सिसवन (सिवान)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने सोमवार को भागर दियरा क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध रूप से चल रहे तीन शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। एसआइ कौशल कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब आठ हजार लीटर कच्चा जावा व शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट किया है। पुलिस की कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के भागर पंचायत के सरयू नदी नदी के उस पार किनारे अवैध रूप से चल रहे देशी शराब की तीन भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। वहीं पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गए। छापेमारी दल में चौकीदार परमात्मा यादव, विश्राम यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।दियरा इलाके में अवैध शराब का निर्माण एवं कारोबार कोई नई बात नहीं है। दरअसल, पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन कुछ हीं दिनों में फिर तस्कर अपना काम शुरू कर देते हैं।

# आज फिर सीवान स्टेशन से 11 स्पेशल ट्रेनें विभिन्न महानगरों के लिए चलाई जाएंगी

**सीवान/ वाराणसी।** छठ यात्रियों की वापसी यात्रा में भीड़ क्लियरेंस के लिए 11 नवम्बर,2024 को सीवान स्टेशन सीवान-वाराणसी सिटी-सीवान 05175/05176 स्पेशल गाड़ी तथा सीवान स्टेशन होकर विभिन्न महानगरो के लिए 13 स्पेशल ट्रेने सीवान होकर विभिन्न महानगरों के लिए चलाई गईं । इसी क्रम में कल 12 नवम्बर,2024 को सीवान स्टेशन से 11 स्पेशल ट्रेनें विभिन्न महानगरों के लिए चलाई जाएँगी ।इसी क्रम में थावे स्टशन से होकर गाड़ी सं-05194 मुंबई सेन्ट्रल-छपरा एवं गाड़ी सं-05161 छपरा-अमृतसर विशेष गाड़ी चलाई जाएँगी । छठ महापर्व के सम्पन्न होने के पश्चात वापसी यात्रा में रेल यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए रेल कर्मयोगी/रेल सेवक पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं । छठ यात्रियों की वापसी यात्रा में होने वाली भीड़ को देखते हुए सीवान स्टेशन पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सतर्कता बरतते हुए पूरी सुरक्षा के साथ छठ यात्रियों एवं वरिष्ठ रेल यात्रियों को सुरक्षित आवाजाही में अपनी सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं।वापसी यात्रा में रेलयात्रियों की भीड़ को कतारबद्ध कर ट्रेनों में चढ़ाया जा रहा है। टिकट काउंटर पर रस्सियों से बैरिकेट बनाकर पंक्तियों में टिकट दिलाया जा रहा है। प्लेटफॉर्म पर भीड़ का ओवरफ्लो रोकने के लिए अस्थाई बैरिकेट एवं रस्सियों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके साथ-साथ ध्वनि विस्तारक यन्त्रो की सहायता से यात्रियों को प्रबंधन निर्देश दिये जा रहे है और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।छठ पूजा के बाद अपने-अपने काम पर लौट रहे छठ यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए रेल कर्मयोगी/रेल सेवक पूरी मुस्तैदी के साथ लगातार सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।सीवान स्टेशन परिसर में छठ यात्रियों के लिए बनाए गए होल्डिंग एरिया में स्पेशल गाड़ियों के समय से पूर्व आये यात्रियों को रखा जा रहा है , स्टेशन अधीक्षक के कक्ष में छठ पूजा के लिए बने नियंत्रण कक्ष से स्टेशन ,गाड़ियों एवं प्लेटफार्मो पर होने वाली गतिविधियों पर सी सी टी वी मॉनिटरिंग रूम से नजर रखी



जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार भीड़ प्रबंधन हेतु निर्देश दिए जा रहे है।सीवान स्टेशन में एकल प्रवेश एवं एकल निकास मार्ग निर्धारित किया गया है। भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त आरक्षित/अनारक्षित टिकट काउंटर खोले गए हैं। स्टेशन पर 8 घण्टे की तीन शिफ्ट में साफ - सफाई,वाटर बूथों पर पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। छपरा स्टेशन से गुजरने वाली छठ स्पेशल गाड़ियों एवं छठ पर्व के पश्चात सिवान से आवागमन करने वाले यात्रियों का रिकार्ड मेनटेन किया जा रहा है। छठ पूजा के अवसर पर वाराणसी मंडल द्वारा छठ यात्रियों की सुविधा हेतु पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं इसके साथ ही छठ यात्रियों की भीड़ के प्रबंधन हेतु मंडल के छपरा एवं सीवान स्टेशनों पर छठ यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है, जहाँ यात्रियों को उनकी स्पेशल गाड़ियों की प्रतीक्षा करने की सुविधा दी गयी है जो उनको अनावश्यक भीड़ ड्भाड़ में होने वाली भगदड़ जैसी परेशानियों से बचाकर उनकी यात्रा को सुगम ,सुखद और सुविधाजनक बनाने में मददगार रहा है। वाराणसी द्वारा छठ महापर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए भीड़ प्रबंधन सहित अन्य कई कदम उठाए गए हैं । यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं । अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ प्रमुख स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है ।महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं मदद हेतु ट्रेनों एवं प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ की अतिरिक्त महिला कांस्टेबलों की टीम तैनात की गयी है। वाराणसी मंडल में रेलवे सुरक्षा बल,राजकीय रेल पुलिस, स्काउट एंड गाइड के सदस्यों को भीड़ नियंत्रण के लिए लगाया गया है ।यात्रा टिकट प्राप्त करने में दिक्कत ना हो इसके लिए सीवान समेत प्रमुख मेला स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर एवं एटीवीएम के लिए अतिरिक्त फैसिलिटेटर का प्रावधान किया गया है । जहरखुरानी की घटनाएं ना हो, इसक लिए ट्रेनों की निगरानी की जा रही है और ऐसे मामलों पर नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है ।पैदल उपरी पुल/प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया पर विशेष ध्यान के साथ स्टेशनों पर और ट्रेनों में पर्याप्त संख्या में आरपीएफ एवं जीआरपी की तैनाती की गयी है । लंबी दूरी की ट्रेनों की सामान्य बोगियों में यात्रियों के चढ़ते समय धक्का-मुक्का न हो, इसके लिए आरपीएफ एवं जीआरपी द्वारा ज्यादा भीड़-भाड़ वाली ट्रेनों के सामान्य बोगियों में यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से चढ़ाने की व्यवस्था की गयी है । इसके मद्देनजर ऐसे सभी स्थलों पर सुरक्षा एवं निगरानी हेतु सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है । स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवान किसी भी स्थान पर भीड़ एकत्रित होने से रोक रहे हैं तथा यात्रियों को उनकी गाड़ी आने के समय पंक्तिबद्ध कर ट्रेन में चढाने और उतार कर सुरक्षित बाहर निकालने में मदद दे रहे हैं साथ ही आसक्त एवं दिव्यांग यात्रियों को भी आवश्यकतानुसार मदद कर रहे हैं ।यथा संभव वापसी यात्रा हेतु छठ विशेष गाड़ियों का आगमन प्लेटफार्म सं-01 पर निर्धारित किया जा रहा है ,यथा संभव पहले से निर्धारित गाड़ियों के प्लेटफार्म का परिवर्तन नहीं किया जा रहा है । छठ पर्व सम्बंधित सभी स्टेशनों के पैदल उपरिगामी पुल ,आगमन एवं प्रस्थान द्वार ,बुकिंग विंडो पर लाइन लगवाने तथा प्लेटफार्मों पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के जवान तैनात किये गये हैं ।

## हत्या की सुपारी लेने पहुंचा कुख्यात पुलिस की गोली से हुआ घायल,रेफर

**परवेज अख्तर /सिवान।** एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस की मदद से रविवार की रात हुसैनगंज थाना क्षेत्र के टेढ़ी घाट नहर समीप जीन बाबा के पास से जिले के एक कुख्यात सहित चार बदमाशों को पकड़ लिया। इस दौरान एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस घटना में गोली लगने से कुख्यात घायल हो गया, जिसे हिरासत में लेकर पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, लेकिन डाक्टर ने स्थिति गंभीर देखकर उसे पटना रेफर कर दिया।घायल बदमाश की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पकवलिया निवासी जितेंद्र कुमार यादव उर्फ जिम्मी के रूप में हुई।इसके अलावा पुलिस ने शेख मुन्ना, अनिल कुमार गुप्ता उर्फ अनिल साह, दया शंकर साह भी गिरफ्तार किया।बता दें कि जितेंद्र कुमार यादव उर्फ जिम्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटपुर बाईपास में सिविल कोर्ट कर्मचारी गोल्डन मांझी हत्याकांड में फरार था, उस पर मुफस्सिल थाना व हुसैनगंज थाना में मामला दर्ज है।मामले में एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि 10 नवंबर की शाम पुलिस बल को सूचना मिली कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के टेढ़ी घाट नहर के समीप जीन बाबा स्थान के पास कुछ बदमाश आपराधिक घटना को अंजाम देने की नीयत से एकत्रित हुए हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हुसैनगंज पुलिस एवं एसओजी-7 व एसटीएफ की टीम स्थान घटनास्थल पर पहुंची। जहां टेढी घाट नहर के समीप इकट्ठा एक समूह को पकड़ा गया। उनसे पूछताछ करने पर उक्त व्यक्तियों द्वारा अपना नाम हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पकवलिया निवासी जितेंद्र कुमार यादव उर्फ जिम्मी, शेख मुन्ना, अनिल कुमार गुप्ता उर्फ अनिल साह, दया शंकर साह बताया गया।उक्त सभी व्यक्तियों की तलाशी लेने पर जितेंद्र कुमार यादव के पास से 79 पुड़िया स्मैक एवं दो मोबाइल,शेख मुन्ना के पास से 12 हजार पांच सौ नकद एवं एक मोबाइल एवं दयाशंकर के पास से एक मोबाइल व एक बाइक बरामद की गई। एसपी ने बताया कि उक्त संबंध में सख्ती से पूछताछ के क्रम में जितेंद्र उर्फ जिम्मी द्वारा बताया गया कि अनिल कुमार साह, शेख मुन्ना के माध्यम से भूमि विवाद के कारण ग्राम सलोनेपुर के एक व्यक्ति की हत्या के लिए एक लाख रुपया की सुपारी देने की बात पर बुलाए थे। तभी पुलिस को आता देख सामने की झाड़ी में पिस्टल छुपा कर रख दिया। पूछताछ के क्रम में पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार जितेंद्र कुमार यादव को लेकर छुपाये गए पिस्टल की बरामदगी हेतु बताये हुए स्थान पर पहुंच जांच की गई तभी जितेंद्र ने सिपाही के हाथ से हथकड़ी के रस्सा को झटका देकर भागने का प्रयास किया और झाड़ी में छुपाकर रखे गये पिस्टल से पुलिस बल पर फायरिंग कर दी।

## अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के पचपकड़िया गांव में पांच नवंबर की दोपहर भूमि विवाद को लेकर अधेड़ अमरजीत प्रसाद की पीट-पीटकर कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच कर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। जबकि दूसरा एक अभियुक्त को भी सोमवार को गिरफ्तार किया गया, जिससे अभी पूछताछ हो रही है। गिरफ्तार उक्त गांव निवासी राजकुमार को पुत्र सुनील कुमार है। मामले में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि संख्या गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर जीबी नगर थाना कांड संख्या 560/24 दिनांक पांच नवंबर हत्या के प्राथमिकी अभियुक्त सुनील कुमार को छापेमारी कर थाना क्षेत्र के नथनपुरा मोड से गिरफ्तार किया गया। जिसे पूछताछ के बाद सोमवार को जेल भेज दिया गया। वहीं सोमवार को इसी कांड का दूसरे अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जिससे अभी पूछताछ की जा रही है।

## पहले चरण के पैक्स चुनाव को ले चार प्रखंडों के 44 पंचायतों में उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**परवेज अख्तर/ सिवान।** प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी करने के बाद जिले के 19 प्रखंडों में पांच चरणों में होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया में तेजी आ गई है। बसंतपुर, भगवानपुर हाट, गोरेयाकोठी व नौतन प्रखंड के 44 पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारी समिति के लिए 26 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सोमवार से उम्मीदवारों का नामांकन शुरू हो गया। नामांकन को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर पूर्व से तैयारी की गई थी। नामांकन को लेकर पहले दिन प्रखंड मुख्यालयों में काफी भीड़ रही। नामांकन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रखंड मुख्यालय पर नामांकन को लेकर काफी गहमागहमी रही। जिला सहकारिता विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गोरेयाकोठी प्रखंड के 19 पंचायत में पैक्स अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को कुल 72 लोगों ने नामांकन किया। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. अभय कुमार ने बताया कि पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 14 और कार्यकारिणी सदस्य के लिए 58 लोगों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। वहीं दोनों ही पदों के लिए 201 लोगों ने नाजिर रसीद कटवाए हैं। नामांकन के लिए प्रखंड परिसर में तीन काउंटर बनाए गए थे। उम्मीदवारों को अपने साथ एक प्रस्तावक व एक समर्थक कुल तीन लोगों को लेकर अंदर जाने की अनुमति दी गई थी। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए गोरेयाकोठी पैक्स से संतोष कुमार सिंह, हरपुर से कुंती देवी, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, लिलारू औरंगाबाद से योगेंद्र तिवारी, सिसई से अनिल कुमार सिंह, आज्ञा से सीमा सिन्हा व आनंद शंकर, सिसई से गायत्री देवी, भिट्ठी से सत्येंद्र कुमार वर्मा, सतवार से धुरेंद्र प्रसाद व पार्वती देवी, सरारी दक्षिण से प्रेमचंद और सरारी उत्तर से राज नारायण यादव और हसन बानो ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। दूसरी ओर भगवानपुर हाट प्रखंड के 13 पैक्स के चुनाव के लिए नमांकन के पहले दिन कुल 41 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। जानकारी के अनुसार ब्रह्मस्थान पैक्स से पांच सदस्य पद के लिए नामांकन हुआ, जबकि दक्षिणी सागर सुल्तानपुर से आठ सदस्य और एक अध्यक्ष पद के लिए नामांकन हुआ ।उतारी दक्षिण सागर सुल्तानपुर में दो अध्यक्ष और एक सदस्य पद के लिए नामांकन हुआ। वहीं सहसराव पंचायत से एक अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। जबकि बनसोही पैक्स से एक सदस्य पद के लिए उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल किया। वही बलहा एराजी पैक्स के लिए 7 सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया किया गया। इसके अलावा मीरजुमला पैक्स के लिए एक सदस्य और 3 अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन भरा। वहीं भीखमपुर में 2 सदस्य पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। वहीं बसंतपुर में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है।

## आपरेशन अमानत के तहत यात्री का छूट हुआ बैग बरामद

**सिवान।** आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने सोमवार को यात्री का छूट हुआ बैग को बरामद कर सुपुर्द कर दिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 15910 में एस वन कोच में यात्रा कर रहे यात्री का एक पिट्ठू बैग छूट गया है। उक्त गाड़ी के जंक्शन पर पहुंचने पर आन ड्यूटी स्टाफ कांस्टेबल बबलू कुमार यादव द्वारा उक्त बैग को उतरवा कर बल पोस्ट पर रखवाया गया था। सोमवार को यात्री पोस्ट पर उपस्थित हुए और अपना पिट्ठू बैग की मांग किया। जांच कर उक्त बैग को सुपुर्द कर दिया गया। बैग तथा उसमें रखे सामान की अनुमानित कीमत तीन हजार रुपया है।

## राजस्व समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने पदाधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिला समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व समन्वय समिति की बैठक हुई। इस दौरान योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सर्वप्रथम लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारियों को सजग होकर कर्तव्य निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। अभियान बसेरा पार्ट-2 के तहत वास्तविक रूप से जरूरतमंदों की सूची अपडेट करने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही सूची से अयोग्य अर्हता वाले नामों को तत्काल हटाने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि भूमिहीनों को घर बनाने के लिए भूमि उपलब्ध करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अंचलाधिकारियों व थानाध्यक्षों को संयुक्त रूप से सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले भूमि विवाद निपटारा कैंप के कार्यवाही को पोर्टल पर निश्चित रूप से अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

**प्रत्येक अंचल में कम से कम दो जगह पर मछली बाजार बनाने हेतु भूमि चयन कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश** -नामांतरणवाद की समीक्षा के क्रम में सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के तौर पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। आधार सीडिंग की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि इस महीने की अंत तक शत-प्रतिशत कार्य को पूरा कर लिया जाए। कहा कि अब से सभी अमीनों के कार्यकलापों की राज्य स्तरीय समीक्षा कर रैंकिंग सूची जारी की जाएगी। अतः अमीनों से सख्ती से काम लेना सुनिश्चित करें। आगामी बुधवार को प्रखंडों के वरीय प्रभारी जिला स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा सभी अंचलों के राजस्व कार्यो का निरीक्षण करवाने का निर्देश दिया गया। वहीं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त परिवाद पत्रों पर त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए उनका निस्तारण करने हेतु प्राथमिकता से कार्य करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न सरकारी कार्यालय, स्वास्थ्य उप केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्रों, थाना, छात्रावास आदि के भवन निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता हेतु तत्परता से भूमि का चयन कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक अंचल में तत्काल कम से कम दो जगह पर मछली बाजार बनाने हेतु भूमि चयन कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में एडीएम उपेंद्र कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार, महाराजगंज एसडीओ अनिल कुमार, सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता शहबाज खान सहित जिला के सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## भूमि विवाद में मारपीट, तीन घायल

**सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के उसरी गांव में सोमवार को भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में गुड्डू कुमार, जुगल किशोर और मंजू देवी शामिल है। घटना के संबंध में मंजू देवी ने बताया कि मेरे ही पट्टीदार मेरी भूमि जबरन कब्जा कर रहे हैं। इसका हमलोगों ने विरोध किया तो उन लोगों द्वारा हम लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यह पहली घटना नहीं है इसके पूर्व भी उन लोगों द्वारा मारपीट की गई थी।

## एनआइए की टीम ने पांच घंटे तक की छापेमारी, घंटो तक की पूछताछ

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के पुरानी किला पोखरा स्थित एक मकान में सोमवार की सुबह एनआइए की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी करीब पांच घंटे तक चली। उक्त मकान अख्तर अली का बताया जाता है। एनआइए टीम ने करीब पांच घंटे से ज्यादा अख्तर अली और उसके पुत्र सुहैल अली एवं आमिर अली से पूछताछ की। टीम ने घर से एक मोबाइल को भी जब्त किया है। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। घर के आगे से लेकर पूरे मोहल्ला को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार सुहैल अली शहर के सब्जी मंडी में पिता के साथ सब्जी का कारोबार करता है। उसका भाई आमिर अली शहर के तेलहट्टा बाजार में कपड़ा का दुकान चलाता है। मिली जानकारी के अनुसार सुहैल का कारोबार हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर से होता है। सुहैल के बैंक खाते में हुए लेन देन को देखते हुए उसका अकाउंट करीब छह महीने पूर्व फ्रिज कर दिया गया था। सोमवार अहले सुबह करीब पांच बजे एनआइए टीम सदर सीओ रवि शेखर, सराय थानाध्यक्ष धमेंद्र कुमार, पचरुखी थाना, नगर थाना के साथ पुलिस लाइन से भारी संख्या में पुलिस बल के साथ छापेमारी को पहुंची। पांच घंटे से ज्यादा चली इस छापेमारी में एनआईए टीम को क्या कुछ बरामद हुआ इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई। पांच घंटे से ज्यादा की पूछताछ के बाद जब पांच सदस्यीय टीम बाहर निकली तो मीडिया के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। मीडिया के सवालों पर एनआईए टीम ने कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया। एनआईए टीम से सिर्फ इतना कहा की प्रेस रिलीज के माध्यम से इसकी जानकारी दी जाएगी।

## बड़हरिया में जाम से लोग रहे हलकान

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में सोमवार को जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार में खरीदारी करने आए तथा लंबी दूरी सफर तय करने वाले जाम में घंटों फंसे रहे। उनकी वाहन रेंगती रही। वहीं विद्यालय से लौट रहे बच्चे भी जाम में घंटों फंसे रहे। जाम दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक लगा रहा। इस कारण लोग काफी हलकान दिखे।ज्ञात हो कि दुकानदारों द्वारा सड़क का अतिक्रमण कर लेने तथा बाइक व अन्य वाहन संचालकों द्वारा यत्र-तत्र बाइक खड़ी कर देने से जाम लगना स्वाभाविक है। यह सब देखते हुए भी प्रशासन जाम से स्थानीय समाधान नहीं कर पाता है। लोगो को उम्मीद जगी थी कि बड़हरिया नगर पंचायत बनने से जाम से निजात मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। दुकानदार पंकज बर्णवाल, सोनू कुमार, मनोज कुमार, मुन्ना कुमार, रोहित कुमार, मुकेश कुमार, नयन कुमार सहित दर्जनों दुकानदारों ने बताया कि बड़हरिया नगर पंचायत से कोई भी सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस पर नगर पंचायत एवं स्थानीय प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है। सड़क जाम थाना चौक समेत जामो रोड, तरवारा रोड, मीरगंज रोड, सिवान व बरौली रोड में लोग कराहते नजर आए। इससे महिला, वृद्ध व बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## कल जाब कैंप में सीआरई पद के लिए 100 युवाओं का होगा चयन

**परवेज अख्तर/सिवान।** श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय द्वारा 13 नवंबर को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में एक दिवसीय जाब कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी पिंकी भारती ने बताया कि जाब कैंप के जरिए बेरोजगार युवाओं को जाब मुहैया कराया जाएगा। इस शिविर में कुल 100 युवाओं को रोजगार मुहैया कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। बताया कि जाब कैंप सुबह 10 बजे तक से शाम चार बजे तक लगेगा। इसमें 18 से 28 वर्ष तक के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। इसके अलावा रोजगार पाने के लिए युवाओं को कम से कम 10वीं व 12वीं पास होना अनिवार्य है। इसमें चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप एक्जिक्यूटिव पद के लिए 100 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। एक दिवसीय जाब कैंप में शामिल होने वाले युवाओं को जरूरी कागजात साथ रखना होगा। युवाओं को जरूरी दस्तावेज की फोटोकापी यथा आधार कार्ड, योग्यता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, पैन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। जाब कैंप के दौरान उपस्थित अभ्यर्थियों को सरकार के सात निश्चय के तहत आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत संचालित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना व कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें योजना के लिए प्रेरित किया जाएगा।